NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : 225 /NCRES/19 Date : 14.8.2019

श्रीमान महाप्रबन्धक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, इलाहाबाद

विषय :– स्टाफ कैण्टीन में स्थित कमरे को महिला कर्मचारियों के लिये आरक्षित किया जाना।

महोदय,

अवगत कराना है कि हेडक्वाटर के स्टाफ कैण्टीन में एक कमरा है जिस पर लिखा है – "अधिकारियों के लिये" लेकिन इस कमरे में कोई भी अधिकारी कभी नही जाता और अधिकारियों के लिये आरक्षित इस कमरे का इस्तेमाल हेडक्वाटर के पुरूष कर्मचारी और अन्य स्थानीय एवं बाहर से हेडक्वाटर आने वाले पुरूष कर्मचारियों द्वारा किया जाता है।

यह भी अवगत कराना है कि हेडक्वाटर में महिला कर्मचारियों की संख्या अधिक है और दिन प्रतिदिन इनकी संख्या बढ़ती जा रही है लेकिन लंच के समय कैण्टीन में महिलाओ के बैठने के लिये कोई कमरा नही है जिसके कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

यह भी अवगत कराना है कि रेलवे बोर्ड एवं जोनो तथा मंडलो के स्टाफ कैण्टीन में महिला कर्मचारियों की सुविधा के लिये एक कमरा महिलाओ के लिये आरक्षित किया गया है लेकिन नार्थ सेन्ट्रल रेलवे के हेडक्वाटर कैण्टीन में महिलओं के लिये कोई कमरा आरक्षित नही है।

अतः NCRES का अनुरोध है कि स्टाफ कैण्टीन में अधिकारियों के लिये आरक्षित कमरा (जिसका इस्तेमाल अधिकारियों द्वारा कभी नही किया जाता) को हेडक्वाटर के महिला कर्मचारियों के लिये आरक्षित किया जाय ताकि महिलाओ को कैण्टीन में एक साथ बैठ कर जलपान करने की सुविधा मिल सके।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री

प्रतिलिपि : महाप्रबन्धक (कार्मिक), नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, इलाहाबाद